राजस्थान–सरकार
निदेशालय संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर
द्वितीय तल, ब्लॉक 6, शिक्षा संकुल, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर
☎: 0141–2704357 📠 : 0141–2704358 email : dir-sans-rj@nic.in

क्रमांकः–निसंशि / योजना / पं. 3ख / 12 पार्ट / 2020–21 / 22341 – 640 दिनांक :– 20-7-2021

समस्त संभागीय संस्कृत शिक्षाधिकारी,
जयपुर,जोधपुर,उदयपुर,कोटा,भरतपुर,
अजमेर,बीकानेर संभाग चूरू।

विषय :– केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु अनुदान सहायता राशि हेतु आवेदन पत्र दिनांक 28.07.2021 तक भिजवाने के कम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली के अधीनस्थ केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु **राजकीय संस्कृत विद्यालयों को दी जाने वाली अनुदान सहायता राशि हेतु नवीन / नवीनीकरण के आवेदन मांगे गये है। उक्त संदर्भ में आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीन संचालित संस्थाओं के आवेदन प्राप्त कर निर्धारित तिथि तक विभाग को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। केवल नवीन अनुदान सहायता हेतु आवेदन पत्र निदेशालय संस्कृत शिक्षा की अभिशंषा हेतु निदेशालय संस्कृत शिक्षा राजस्थान,जयपुर को अग्रेषित किया जावे एवं नवीनीकरण के अनुदान सहायता हेतु आवेदन पत्र जिला मजिस्ट्रेट (D.M) की अभिशंषा हेतु जिला मजिस्ट्रेट (D.M) को अग्रेषित किया जावे तथा अराजकीय संस्थाओं को आवेदन हेतु प्रेरित करें।**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा निम्न मदों में अनुदान / सहायता प्रदान की जाती है:–

(1) राजकीय / अराजकीय संस्थाओं में संस्कृत एवं आधुनिक विषय के अध्यापकों हेतु।

(2) छात्रवृत्ति राजकीय / अराजकीय संस्थाओं हेतु।

(3) पुस्तकालय की पुस्तकों हेतु।

अतः केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली से अनुदान सहायता राशि प्राप्त करने के इच्छुक संस्कृत विद्यालय, वर्ष 2021–22 हेतु आवेदन दो प्रतियों में निर्धारित तिथि 28.07.2021 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों को राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली को अग्रेषित किये जाने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी।

अनुदान सहायता संबंधी समस्त जानकारी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली की वेबसाईट **www.sanskrit.nic.in** परयोजनाओं के आवेदन पत्र तथा शर्तें / नियम प्राप्त करें।

(डॉ.दीरघराम रामस्नेही)
निदेशक
संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर

प्रतिलिपि :– प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक,राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय / प्रवेशिका / उच्च प्राथमिक / प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, राजस्थान को भेजकर लेख है कि उक्त आवेदन पत्र संबंधित संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी के माध्यम से निर्धारित तिथि 28.07.2021 तक निदेशालय संस्कृत शिक्षा राजस्थान,जयपुर को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को अग्रेषित किये जाने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी।

निदेशक
संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर

राजस्थान—सरकार
निदेशालय संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर
द्वितीय तल, ब्लॉक 6, शिक्षा संकुल, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर
☎: 0141–2704357 📠 : 0141–2704358 email : dir-sans-rj@nic.in

क्रमांकः—निसंशि / योजना / पं. 3ख / 12 पार्ट / 2020—21 / 22641-70 दिनांक :— 20.7.2021

समस्त प्राचार्य,
राजकीय / अराजकीय आचार्य / शास्त्री संस्कृत,
महाविद्यालय, राजस्थान

विषय :— केन्द्रीय सस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा वित्तीय वर्ष 2021—2022 हेतु अनुदान सहायता राशि हेतु आवेदन पत्र दिनांक 28.07.2021 तक भिजवाने के क्रम में।

संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली के अधीनस्थ केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु राजकीय / अराजकीय संस्कृत महाविद्यालयों को दी जाने वाली अनुदान सहायता राशि हेतु नवीन / नवीनीकरण के आवेदन चाहे गये है। महाविद्यालय जिस विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है उस विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा आवेदन पत्र अग्रेषित किया जाना है।

अतः केन्द्रीय सस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से अनुदान सहायता राशि प्राप्त करने के इच्छुक संस्कृत महाविद्यालय वर्ष 2021—22 हेतु आवेदन दो प्रतियां में निर्धारित तिथि तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करे। निर्धारित तिथि तक आवेदन नहीं किये जाने की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी आप स्वंय की होगी।

अनुदान सहायता संबंधी समस्त जानकारी केन्द्रीय सस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की वेबसाईट www.sanskrit.nic.inपर सभी योजनाओं के आवेदन पत्र तथा शर्ते / नियम प्राप्त करें।

20/7/2021

(डॉ. घोरघराम रामस्नेही)
निदेशक
संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर